गोटेगांव में गिरने की कगार पर है तहसील कार्यालय

गोटेगांव, देशबन्धु। गोटेगांव नगर का एकमात्र तहसील कार्यालय इन दिनों अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। जगह जगह से जीर्ण शीर्ण हो चुका यह तहसील कार्यालय ड्यूटी करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को किसी अभिशाप से कम नहीं है। यहां पर आने वाले हितग्राही और शासकीय कार्य से आने वाले ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। विगत दिवस हमारे संवाददाता ने इस तहसील कार्यालय का दौरा किया तो पाया कि तहसीलदार सहित सभी कर्मचारी इस जर्जर भवन में अपनी सेवाएं देने को मजबूर हैं। चारों से यह तहसील कार्यालय का भवन गिरने की कगार पर है।

स्मरण हो कि यह कार्यालय 1989 में बनकर तैयार हुआ था। इसका उद्घाटन 13 जुलाई 1989 को तत्कालीन मुख्यमंत्री माननीय मोतीलाल बोरा की अध्यक्षता में और तत्कालीन संसद सदस्य कर्नल अजय नारायण मुश्रान के विशेष आतिथ्य में हुआ था। तब से अभी से किसी भी अधिकारी ने इस कार्यालय का कायाकल्प नहीं किया और न ही कोई रंग रोगन किया गया। लिहाजा यह कार्यालय खंडहरों में तब्दील होता जा रहा है। इसकी जवाबदारी शासन और प्रशासन की बनती है। क्या शासन कोई अनहोनी घटना की प्रतीक्षा कर रहा है?

खिड़की के बारजा लटक चुके हैं लोहे की जालियां निकल कर बाहर आने लगीं हैं। उसके नीचे बैठे मुंशी अपना जीवनयापन कर रहे हैं। उन्हें भी अपनी जान का खतरा बना हुआ है। फिर भी शासन के जवाबदार आंख बंद करके बैठे हैं। क्या इस तहसील कार्यालय का नवीन भवन बन पाएगा। नगर के नागरिकों और ग्रामीण क्षेत्र की जनता में यह जन चर्चा का विषय बनता जा रहा है।

सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि अधिकारियों ने इस भवन का प्रपोजल शासन को भेज दिया है परंतु शासन की हठधर्मिता के चलते निर्माण अधर में लटका हुआ हैं। क्या सिर्फ शासन धन पैदा करना जनता है या फिर प्रदेश की जनता के साथ गोटेगांव और आसपास की जनता की सुरक्षा सहित कर्मचारियों का भी जीवन देखेगी। मध्यप्रदेश के मुखिया शायद इस ओर ध्यान देंगे। क्या राजस्व मंत्री ध्यान देंगे। आखिर कब तहसील कार्यालय के दिन फिरेंगे।

गरीबों को नहीं मिल रहा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ

गोटेगांव, देशबन्धु। लोकतंत्र में कहा जाता है कि जनता ही मालिक होती है और चुने हुए जनप्रतिनिधि सेवक कहलाते हैं । अगर हकीकत में गरीब जनता मालिक होती है तो फिर गरीब जनता कच्चे मकानों में टाट पट्टी डालकर गुजर-बसर करने मजबूर क्यों हो रही हैं और अपने आपको जनता का सेवक कहने का दम भरने वाले जनप्रतिनिधि लाखों रुपए के महलों में निवास कर रहे हैं,लेकिन गरीब की टूटी झोपड़ी की तरफ कोई ध्यान नहीं देता,जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी भी निगाहें फेर लेते हैं। गोटेगांव शहरी क्षेत्र में ऐसे सैंकड़ों कच्चे मकान आसानी से देखने मिल जाएंगे जिस पर गरीब हितग्राही तिरपाल पन्नी डालकर गुजर बसर कर रहे हैं।

हकीकत तो यह है जनता नरकीय जीवन जीने मजबूर है और सेवक मौज कर रहे है। जी हां हम बात कर रहे प्रधानमंत्री आवास योजना की इस योजना के तहत शहरी क्षेत्र में शासन द्वारा हितग्राही को पक्के आवास बनाकर दिए जाते हैं।

देखा जाए तो गरीबों को पक्के आवास मिलने का सपना पूरा नहीं हो रहा। गरीब हितग्राही आज भी इस योजना में शामिल होने के लिए इंतजार कर रहे हैं और अपने कच्चे आवास में जिंदगी और मौत के बीच जीवन काटने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

यह हितग्राही इतने सक्षम भी नहीं है कि खुद के पैसों से स्वयं का मकान बना सके। कहीं ना कहीं प्रधानमंत्री आवास योजना अपने लक्ष्य से भटकती हुई नजर आ रही है। शासन ध्यान दे।

जिले के 1244 केन्द्रों में हुई नव भारत साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा

गोटेगांव, देशबन्धु। विगत दिवस कलेक्टर शीतला पटले के निर्देशन व सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार के मार्गदर्शन में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा जिले के 1244 केन्द्रों में सम्पन्न हुई। समस्त विकासखंड स्रोत समन्वयक, बीएसी, जन शिक्षक, विकासखंड, संकुल सह समन्वयक ने इन सामाजिक चेतना केंद्रों का अवलोकन किया।

जिला परियोजना समन्वयक डॉ. आरपी चतुर्वेदी ने जनपद शिक्षा केंद्र नरसिंहपुर के सामाजिक चेतना केंद्र रानी पिपरिया का अवलोकन किया। उन्होंने मूल्यांकन केंद्र पर सामाजिक चेतना केंद्र के अक्षरसाथी से कक्षा संचालन एवं उल्लास नव भारत साक्षरता की गतिविधियों पर चर्चा की।

जिला सह समन्वयक अखलेश राजौरिया ने सम्मिलित असाक्षरों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले के सामाजिक चेतना केंद्रों पर हुए मूल्यांकन में एनआईएलपी के माध्यम से ऑनलाइन सर्वे द्वारा चिन्हांकित किए गए एवं प्रवेशिका पूर्ण कर अंतरिम मूल्यांकन में सफलता का प्रमाणीकरण नहीं होने, इच वन टीच वन के माध्यम से बसाहट के असाक्षर सम्मिलित हुए।

परीक्षा के लिए जिले में शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं को परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गये। जिसमें प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं के शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं अक्षर साथियों आदि के सहयोग से पर्यवेक्षण एवं मूल्यांकन का कार्य सम्पादित किया गया।

सार-समाचार

बिना पंजीयन चल रहे हैं डिजिटल एक्स रे सेंटर, जांच की मांग

सौसर, देशबन्धु। नगर में इन दिनों बिना पंजीयन के धड़ल्ले से एक्सरे सेंटर चलाया जा रहा है. स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस ओर किसी प्रकार का कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है । टायगर ग्रुप के अंकित गुर्वे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया की इस डिजिटल एक्सरे सेंटर में पंजीयन किसी ओर का है और संचालित कोई ओर कर रहा है. स्वास्थ्य विभाग एवं कुछ राजनेताओं से सेंटिग कर इस व्यवसाय को किया जा रहा हैं । अंकित गुर्वे का कहना है की इस सेंटर की जाच होनी चाहिए ।

अजय जायसवाल अध्यक्ष चुने गए

नैनपुर, देशबन्धु। श्रमजीवी पत्रकार संघ के ब्लॉक चुनाव अजय जायसवाल अध्यक्ष चुने गए । नैनपुर जिला अध्यक्ष अशफाक भाई की उपस्थिति में चुनाव संपन्न हुए । अन्य पदों की भी नियुक्ति की गई ।

सौ दिवसीय निक्षय अभियान के तहत शिविर आयोजित

गोटेगांव, देशबन्धु। विगत दिवस राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 100 दिवसीय निक्षय अभियान के तहत कृषि उपज मंडी नरसिंहपुर में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान हम्माल-तुलावटी में लगे लोगों की क्षय रोग की स्क्रीनिंग कर संभावित लोगों के खकार के सेंपल एकत्रित किये गये। इस दौरान एक्स- रे भी कराया गया। इसी बीच लोगों के शुगर व बीपी की जांच की गई। इस दौरान मंडी सचिव डीटीसी नरसिंहपुर से एसटीएस, एक्स- रे टेक्नीशियन, पीपीएसए के एजेंडी, शहरी एएनएम, आशा कार्यकर्ता मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 25 मार्च 2025 तक 100 दिवसीय निक्षय शिविर का आयोजन जिले में किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य है कि टीबी उन्मूलन के प्रयासों को और अधिक गति देने और जन जागरूकता को बढ़ावा देना है। इस दौरान जिले में 100 दिन टीबी की व्यापक स्तर पर स्क्रीनिंग, जांच, उपचार व जनजागरूकता को सुनिश्चित किया जा रहा है।

18 हजार से अधिक नवसाक्षर परीक्षा में हुए शामिल

सिवनी, देशबन्धु । जिला परियोजना समन्वय जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी द्वारा बताया कि शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर सह जिला मिशन संचालक सुश्री संस्कृति जैन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सह जिला परियोजना संचालक नवजीवन विजय के कुशल निर्देशन में विगत दिवस नवसाक्षरों की मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्याकंन परीक्षा जिले के आठ विकासखण्डों में प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में निर्धारित केन्द्रों पर संपन्न हुई। आयोजित परीक्षा में 1390 परीक्षा केन्?द्र बनाए गये थे। सभी विकासखण्डो से प्राप्त जानकारी अनुसार आयोजित परीक्षा में 18,680 नवसाक्षर महिला एवं पुरुष सम्मिलित हुए। उन्होंने बताया कि परीक्षा सम्पन्न कराने जिला, विकासखण्ड, संकुल एवं जनशिक्षा केन्?द्र स्तर पर मॉनिटरिंग दलों द्वारा परीक्षा केन्द्रों की सघन मॉनीटरिंग की गई। परीक्षा में महिलाओं द्वारा बढ-चढकर हिस्सा लिया गया। परीक्षा हेतु नवसाक्षरों को गॉव-गॉव में संपर्क करते हुए परीक्षा देने हेतु आमंत्रित किया गया। नवभारत साक्षरता परीक्षा के सफल संचालन हेतु समस्त वोलंटियर (अक्षरसाथी) संकुल सह समन्वयक, विकासखंड सह समन्वयक, शिक्षक, प्राचार्य, जनशिक्षा केन्द्र प्रभारी, जनशिक्षक, बीएसी एवं बीआरसीसी का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता के लिये आवेदन पांच मार्च तक

सिवनी, देशबन्धु । अधीक्षक डाकघर संभाग बालाघाट से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय डाक विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 9 से 15 वर्ष आयु तक के छात्र-छात्राओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता-2025 का आयोजन किया जावेगा। उक्त प्रतियोगिता का विषय कल्पना करो की तुम महासागर हो। किसी को पत्र लिखो, जिसमें यह समझाओं कि वे तुम्हारी अच्छी देखभाल क्यों और कैसे करें। आयोजित प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए आवेदन पत्र संभाग के अधीक्षक डाकघर बालाघाट को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 5 मार्च निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्र-छात्राएँ अंग्रेजी अथवा हिन्दी भाषा में पत्र लेखन कर सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता -2025 संभागीय स्तर पर 16 मार्च (रविवार) को प्रात- 10 बजे से 11 बजे तक आयोजित की जावेगी। परिमंडल स्तर पर प्रथम तीन विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः 25 हजार रूपये, 10 हजार रूपये एवं 5 हजार रूपये तथा प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा।

साहित्यिक संगोष्ठी में कवि सम्मान

करेली, देशबन्धु। युवा विचार मंच के तत्वावधान में साहित्य को हमारी अपेक्षाओं और वास्तुगत आकांक्षाओं से जोड़ने एवं मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्शों का महत्व वर्तमान में रेखांकित करने के उद्देश्य से एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी में नगर के स्मृति शेष स्व महादेव प्रसाद तिवारी साहित्यकार स्व शंभुदयाल राय पत्रकार, स्व पंडित जगदीश प्रसाद स्थापक साहित्यकार, स्व. रामनारायण वर्मा साहित्यकार, स्व.पंडित जयदेव उपाध्याय पत्रकार के बारे में वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर सुनील तन्हा द्वारा सरस्वती वंदना की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अनंत दुबे, अध्यक्ष बाबूलाल दुबे एवं विशिष्ट अतिथि डॉ राजेंद्र किलेदार, प्रकाशचंद पेठिया, सुनील जैन तेंदूखेड़ा नंद किशोर नायक तेंदूखेड़ा का स्वागत गुरुचरण तिवारी, राहुल उपाध्याय ने पुष्पहार से किया। मुख्य अतिथि दुबे ने कहा कि महाकुंभ में मां गंगा के पवित्र जल में करोड़ों लोगों ने स्नान किया। जिसमें भारतीय संस्कृति को मानने वाले लोगों की भावनाएं भक्ति के द्वारा झलकती है।

उन्होंने भगवान राम और कृष्ण के जीवन चरित्र का उल्लेख भी किया और कहा कि अच्छे कर्म से व्यक्ति के जीवन का उद्धार होता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष साहित्यिकार बाबूलाल दुबे ने कहा कि स्व महादेव प्रसाद तिवारी मेरे लंगोटिया यार थे जिन्होंने कविता को जिया है। उन्होंने स्व महादेव प्रसाद तिवारी की रचना तूती की आवाज पुस्तक का उल्लेख भी किया।

संगोष्ठी में अजय नेमा, अमित जैन, सुनील तन्हा, सतीश सरस वृंदावन वैरागी द्वारा काव्य पाठ किया गया। मंचासीन अतिथियों द्वारा नगर के कवि कालीदास बघेल, केवल सिंह जाट का साल श्रीफल से सम्मान किया गया।

इस अवसर पर उदय ठाकुर, पहाड़ी लाल मीणा, अखिलेश वर्मा, शैलेन्द्र बिल्थरे, प्रवीण श्रीवास्तव, अनिल पालीवाल, संजीव खजांची, अनुराग वर्मा, शैलेन्द्र स्थापक, अनिल तिवारी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का मंच संचालन आशीष दुबे द्वारा एवं आभार प्रदर्शन संजय राय द्वारा किया गया।

जिलास्तरीय रोजगार मेले में 152 आवेदकों का चयन

सिवनी, 17 फरवरी। जिला रोजगार कार्यालय सिवनी, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, शासकीय आईटीआई एवं शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 17 फरवरी को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी जिला सिवनी में युवा संगम कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया।

उक्त मेले में निजी क्षेत्र की 12 विभिन्न कम्पनियों ने भाग लिया। रोजगार मेले में 272 आवेदकों नें अपना पंजीयन कराकरभाग लिया। रोजगार मेंले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा 152 आवेदकों का रोजगार हेतु प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। उक्त मेले मे प्रारंभिक रूप से उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस द्वारा 7, डीके कैरियर प्लेसमेंट द्वारा 15, स्टार हेल्थ इंश्योरेंस द्वारा 17, एलआईसी सिवनी द्वारा 20, डीडीयू जीकेवाय द्वारा 2, अंबुजा फाउंडेशन द्वारा 10, एलएंडटी द्वारा 11, महिंद्रा एंड महिंद्रा द्वारा 14, एमआरएफ द्वारा 15, का रोजगार हेतु प्रारंभिक रूप से चयन किया गया।

प्रशिक्षण शिविर आयोजित

सौसर, देशबन्धु। समता सैनिक दल का सौसर क्षेत्र प्रत्येक गांव में गठन किया जाएगा। प्रबुद्ध बुद्ध विहार में समता सैनिक दल पांढुर्णा शाखा की ओर से आयोजित एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन में संकल्प लिया गया।प्रशिक्षण के दौरान सर सेनापति डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के द्वारा जिन उद्देश्यों के सम्बंध में जानकारी दी गई। सौसर क्षेत्र के प्रत्येक गांव में समता सैनिक दल की स्थापना करने को लेकर चर्चा की गई।

शुभारंभ तथागत भगवान गौतम बुद्ध एवं डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी के प्रतिमा अभिवादन एवं त्रिशरण पंचशील के साथ किया गया।

एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर में प्रमुख रूप से समता सैनिक दल महिला विंग प्रमुख कंचनाताई वासनिक, समता सैनिक दल प्रदेश महाराष्ट्र बौद्धिक प्रमुख निलेश ताकसांडे, मध्य प्रदेश शाखा विंग प्रमुख मार्शल कनिष्ठ बोधी, अरविंद लोखंडे, डॉ राहुल वाहने, ने कहा कि संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर ने समाज की रक्षा सुरक्षा एवं समाज में होने वाले आयोजनों कार्यक्रमों की सुरक्षा व्यवस्था देने, और बहुजन समाज पर होने वाले अन्य अत्याचारों के खिलाफ लड़ाई लड़ने के उद्देश्य को लेकर समता सैनिक दल का निर्माण किया गया था।

अब संपूर्ण सौसर क्षेत्र के प्रत्येक घर में समता सैनिक दल के एक-एक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी सौंप कर संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब आंबेडकर तथागत भगवान गौतम बुद्ध के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर में समता सैनिक दल के उद्देश्यों कार्यक्रमों एवं बायलाज के संबंध के साथ ही गांव में गठन करने की रूपरेखा बनाई गई।

मोहगांव हवेली में शुरू हुआ महाशिवरात्रि महोत्सव

मोहगांव हवेली / सौंसर, देशबन्धु। सुप्रसिद्ध अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर मोहगांव हवेली में प्रतिवर्षानुसार रुद्राभिषेक के साथ महाशिवरात्रि महोत्सव 2025 का श्रीगणेश हुआ। वंजारी परिवार की ओर से अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर के पूर्व अध्यक्ष डॉ गोपाल वंजारी ने सपरिवार रुद्राभिषेक किया। रुद्राभिषेक प्रतिदिन चार पालियों में मंगलवार 25 फरवरी तक चलेगा। शनिवार 22 फरवरी से महाराष्ट्र के सुप्रसिद्ध कीर्तनकार हरिकिर्तन तथा अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक भागवताचार्य देवी चित्रलेखा श्रीमद् भागवत कथा सुनाएंगे।

उसी प्रकार परामदास नवमी शनिवार 22 फरवरी को घट स्थापना, दीप प्रज्वलन, घंटानाद के साथ प्रतिदिन दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक अंतरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता देवी चित्रलेखा हिन्दी भाषा में श्रीमद् भागवत कथा तथा रात्रि आठ बजे से महाराष्ट्र के सुप्रसिद्ध कीर्तनकार मराठी भाषा में हरिकीर्तन करेंगे। हरिकीर्तन की श्रृंखला में शनिवार 22 फरवरी को हभप ज्ञानेश्वर महाराज भुतेकर (आळंदी), रविवार को हभप संजय महाराज (पुणे), सोमवार को हभप माऊली महाराज, मंगलवार को हभप दिपालीताई खिळे, बुधवार को हभप सोपान दादा कनेकर, गुरुवार को हभप सुनिताताई आंधळे, शुक्रवार को हभप समाधान महाराज भोजेकर तथा शनिवार 1 मार्च 2025 को रात्रि में हभप पुरुषोत्तम महाराज पाटील हरिकीर्तन करेंगे। महाशिवरात्रि महोत्सव का समापन रविवार 2 मार्च को सुप्रसिद्ध राष्ट्रीय कीर्तनकार, आवाज के जादूगर, हभप पुरुषोत्तम महाराज पाटील करेंगे। हांडी कार्यक्रम व भंडारा भी होगा।

बिना नाम पट्टिका के चल रहा लोक निर्माण विभाग कार्यालय

गोटेगांव, देशबन्धु। गोटेगांव तहसील के अंतर्गत नगर में स्थित अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग का कार्यालय टीन शेड में चल रहा है। मालूम हो कि काफी वर्षों से यह कार्यालय टीन शेड से बने भवन में खुला है। परंतु इस कार्यालय की एक और बड़ी उदासीनता यह है कि इस भवन के ऊपर लोक निर्माण विभाग कार्यालय के नाम से कोई नेम पट्टी नहीं लगी।

वैसे तो ज्यादातर सभी कार्यालय में नाम से संबंधित नेम पट्टी या बोर्ड लगे हुए हैं। परंतु लोक निर्माण विभाग एकमात्र कार्यालय है जो विगत कई वर्षों से बिना नाम पट्टी के ही कार्यालय संचालित हो रहा है। वहीं कार्यालय के बाजू में विभाग के अधिकारीयों के रहने आवास बने है। वह भी जर्जर हालत में पहुंच चुके हैं और एक आवास तो बिल्कुल खंडार हो चुके हैं।

पांच अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

सिवनी, देशबन्धु । कलेक्टर संस्कृति जैन की अध्यक्षता में 17 फरवरी को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर कलेक्टर सी एल चनाप एवं अपर कलेक्टर सुनीता खण्डायत सहित सभी विभागों के कार्यालय प्रमुख उपस्थित थे, वहीं खंडस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े थे।

बैठक में सर्वप्रथम कलेक्टर संस्कृति जैन ने सीएम हेल्प लाईन प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। उनके द्वारा की गई विस्तृत समीक्षा में शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पाये जाने पर संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिसमें सीएमओ बरघाट को अपने निकाय से संबंधी शिकायतों की जानकारी न होने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

इसी तरह लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी कुरई द्वारा सड़क की गुणवत्ता से संबंधित शिकायत को बिना वजह किसी अन्य विभाग को हस्तांतरित किया जाना पाये जाने पर एसडीओ कुरई को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गए हैं। जल आपूर्ति संबंधी शिकायत पर कार्यवाही न होने पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एसडीओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गए हैं। इसी तरह शिकायत में फॉलोअप दर्ज न करने को लेकर जेईई एमपीईबी कुरई को नोटिस जारी किया गया है। बैठक में अनुपस्थित पाये जाने तथा मानव अधिकार आयोग की शिकायत पर कार्यवाही

समय सीमा बैठक

न करने को लेकर भी सीएमओ सिवनी को नोटिस जारी किया गया है।

बैठक में कलेक्टर ने फॉर्मर रजिस्ट्री में कम प्रगति वाले धनौरा, घंसौर, कुरई, छपारा, केवलारी तथा बरघाट के तहसीलदारों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये हैं। इसी तरह आधार आर ओ आर एंट्री में सिवनी नगर, धनौरा, केवलारी, लखनादौन एवं छपारा को नोटिस जारी किया है। इसके अतिरिक्त फसल गिरदावरी में शून्य प्रगति वाले 108 ग्रामों के पटवारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को शासकीय ग्रामीण तालाबों के सर्वे तथा वैटलेंड के सीमांकन कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नवीन हितग्राहियों को जोड़ने के लिए चलाये जा रहे सर्वे कार्यों की मॉनिटरिंग करते हुए मैदानी अमले से डोर टू डोर सर्वे कर पात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित करते हुए पात्रता सूची में जोड़ने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने डोर टू डोर सर्वे के दौरान आधार आर ओ आर तथा फॉर्मर रजिस्ट्री के कार्यों को भी पूरा करने के लिए निर्देशित किया है।

कलेक्टर ने जिले में 31 मार्च की स्थिति में शत-प्रतिशत एकल नलजल योजनाओं कार्यों को पूरा करने के लिए पीएचई विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिन प्रतिदिन के आधार पर लक्ष्य निर्धारित करते हुए 31 मार्च की स्थिति में शत प्रतिशत एकल नलजल योजना के कार्य को पूरा करने के निर्देश दिये हैं।

दैनिक राशिफल

मंगलवार 18 फरवरी 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की षष्ठी, नक्षत्र- स्वाति।

मेष
आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन लाभदायक रहेगा। लंबे समय का आर्थिक आयोजन पूरा कर सकेंगे।

वृषभ
परिश्रम की अपेक्षा कम परिणाम मिलने पर भी आप निष्ठापूर्वक काम को आगे बढ़ाएंगे। आपके क्षेत्र की विशालता और वाणी की मधुरता अन्य लोगों को प्रभावित करेगी।

मिथुन
महत्वपूर्ण निर्णय लेने में कठिनाई महसूस करेंगे। घर में माता और स्त्री वर्ग के लिए आप अधिक भावनाशील बन जाएंगे। तनाव महसूस कर सकते हैं। `क-

कर्क
आज का दिन नए काम की शुरुआत या सफलता के लिए अच्छा रहेगा। मित्रों और स्वजनों से मिलकर आप खुशी अनुभव करेंगे। किसी यात्रा की संभावना है।

सिंह
परिवार के सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। महिला मित्रों की विशेष मदद मिलेगी। अपनी प्रभावकारी वाणी से अन्य लोगों का ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

कन्या
अपने समृद्ध विचार और बोली से आज आपको लाभ होगा। किसी के साथ नए संबंध में जुड़ सकते हैं। आज का दिन व्यापार की दृष्टि से लाभदायक रहने की संभावना है।

तुला
आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

वृश्चिक
घर परिवार के साथ आपको आनंद और संतोष की अनुभूति होगी। पत्नी और पुत्र की तरफ से अच्छे समाचार मिलेंगे। शुभ कार्य में भाग ले सकेंगे।

धनु
काम में सफलता का दिन है। नए काम की शुरुआत कर सकेंगे। व्यापारी अपने बिजनेस का आयोजन और विस्तार अच्छी तरह कर सकेंगे। नौकरी में उच्च पदाधिकारी आपकी पदोन्नति के लिए विचार करेंगे।

मकर
आप अपने व्यापार के लिए नई शैली से काम करेंगे। लेखन और साहित्य संबंधी काम को आगे बढ़ा सकते हैं। शारीरिक थकावट और भय की अनुभूति होगी।

कुंभ
आपके मन में नकारात्मक विचार उत्पन्न हो सकते हैं। आपके मन में क्रोध और दु:ख की भावना हो सकती है।

मीन
भाग्य का साथ होने के आज का दिन अच्छी तरह व्यतीत होगा। बिजनेस में भागीदारी करनी हो तो समय अनुकूल है। जीवनसाथी के साथ निकटता का अनभव होगा।

म.